The Panchastikay-Sara (Liturgy of the Five Realities)

Verse 1 Prakrit: इंदसदवदियाणं तिहुअगहिदमधुरविसदवक्काणं। अंतातीदगुणाणं णमो जिणाण जिदभवाणं।। १।। **Hindi:** सौ इन्द्र जिन्हें वन्दना करते हैं, जिनके वचन तीन लोक के जीवों का हित करने वाले मधुर एवं विशद हैं, जो अनन्त गुणों के धारक हैं, और जिन्होंने चनुर्गति रुप संसार को जीत लिया है, मैं उन जिनेन्द्र देव को नमस्कार करता हूँ।। १।। **English:** I offer my salutations to the Jinas, who are venerated by a hundred Indras, whose speech is sweet, clear, and beneficial to the inhabitants of the three worlds, who possess infinite and transcendental attributes, and who have triumphed over the cycle of the four states of existence.

Verse 2 Prakrit: समणमुहुग्गदमट्ठं चदुग्गदिणिवारणं सणिव्वाणं। एसो पणमिय सिरसा समयमिमं सुणह वोच्छामि।। २।। **Hindi:** जो सर्वज्ञ-वीतराग देव के मुख से प्रकट हुआ है, चारों गतियों का निवारण करने वाला है और निर्वाण का कारण है, उस जीवादि पदार्थ समूह को अथवा अर्थ समयसार को शिर से नमस्कार कर मैं इस पच्चास्तिकाय रुप समयमसार को कहूँगा। हे भव्यजन! उसे तुम सुनो।। २।। **English:** Having prostrated my head before the collection of ontological categories beginning with the Soul—the essence of the doctrine—which emerged from the mouth of the Omniscient and Passionless Lord, which averts the four states of rebirth and leads to liberation, I shall expound this Panchastikaya-sara. O noble souls, attend to this Samaya/doctrine.

Verse 3 Prakrit: समवाओ पचण्ह समउत्ति जिणुत्तमेहिं पण्णत्तं। सो चेव हवदि लोओ तत्तो अमिओ अलोओ खं।। ३।। **Hindi:** जीव, पुदगल धर्म, अधर्म और आकाश इन पाँचों का समुदाय 'समय' है ऐसा श्री जिनेन्द्र देव ने कहा है। उक्त पाँचों का समुदाय ही लोक है और उसके आगे अपरिमित आकाश अलोक है।। ३।। **English:** The supreme Jinas have declared that the congregation of the five entities—Soul, Matter, Principle of Motion, Principle of Rest, and Space—is 'Samaya.' This very congregation constitutes the Universe (Loka), and beyond it lies the non-universe (Aloka), consisting of infinite Space.

Verse 4 Prakrit: जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा तहेव आयासं। अत्थित्तिम्हि य णियदा अणण्णमइया अणुमहंता।। ४।। **Hindi:** अनन्त जीव, अनन्त पुद्गल, एक धर्म, एक अधर्म और एक आकाश ये पाँचों अपने सामान्य विशेष अस्तित्व में सदा नियत हैं, द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा उस अस्तित्व गुण से अभिन्न रुप हैं, तथा बहुप्रदेशी हैं। [अत इन्हें अस्तिकाय कहते हैं।]। ४।। **English:** Infinite souls, infinite matter, a single principle of motion, a single principle of rest, and space are eternally fixed in their general and specific existence. From the substantial point of view, they are inseparable from the quality of existence and are multi-spatial (Astikayas).

Verse 5 Prakrit: जेसिं अत्थिसहाओ गुणेहि सह पज्जएहिं विविहेहिं। ते होंति अत्थिकाया णिप्पण्णं जेहिं तइलुक्कं।। ५।। **Hindi:** जिनका अस्तित्व स्वभाव अनेक गुण और अनेक पर्यायों के साथ सुनिश्चित है वे अस्तिकाय कहलाते हैं। यह त्रैलोक्य उन्हीं अस्तिकायों से बना हुआ है।। ५।। **English:** Those whose existential nature is established through various attributes and modes are designated as Astikayas. The three worlds are composed of these very multi-spatial entities.

Verse 6 Prakrit: ते चेव अत्थिकाया तेकालियभावपरिणदा णिच्चा। गच्छंति दवियभावं परियट्टणलिंगसंजुत्ता।। ६।। **Hindi:** ऊपर कहे हुए जीवादि पाँच अस्तिकाय परिवर्तनलिंग अर्थात् काल के साथ मिलकर द्रव्य व्यवहार को प्राप्त हो जाते हैं - द्रव्य कहलाने लगते हैं। ये सभी पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा त्रिकालवर्ती पर्यायों में परिणमन

करने के कारण अनित्य हैं - उत्पाद, व्यय रुप हैं और द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा स्वरुप में विश्रान्त होने के कारण नित्य हैं - ध्रौव्यरुप हैं।। ६।। **English:** These five Astikayas, when associated with the mark of change—namely, Time—acquire the designation of substances (Dravyas). From the modal perspective, they are transitory as they transform through past, present, and future modes; however, from the substantial perspective, they are eternal, persisting in their essential nature.

Verse 7 Prakrit: अण्णोण्ण पविसंता दिता ओगासमण्णमण्णस्स। मेलंता वि य णिच्चं सगं सभावं ण विजहंति।। ७।। **Hindi:** उक्त छहों द्रव्य यद्यपि परस्पर एक दूसरे में प्रवेश कर रहे हैं, एक दूसरे को अवकाश दे रहे हैं और निरन्तर एक दूसरे से मिल रहे हैं तथापि अपना स्वभाव नही छोड़ते।। ७।। **English:** Though these six substances mutually interpenetrate, grant space to one another, and are in constant contact, they never abandon their own intrinsic nature.

Verse 8 Prakrit: सत्ता सव्वपयत्था सविस्सरूवा अणंतपज्जाया। भंगुप्पादधुवत्ता सप्पडिवक्खा हवदि एक्का।। ८।। **Hindi:** सत्ता सम्पूर्ण पदार्थों में स्थित है, अनेकरुप है, अनन्त पर्यायों से सहित है, उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वरुप है, एक है तथा प्रतिपक्षी धर्मों से युक्त है।। ८।। **English:** Existence is inherent in all substances; it is multiform, accompanied by infinite modes, and characterized by origination, destruction, and persistence. It is unitary yet possessed of dialectically opposing characteristics.

Verse 9 Prakrit: दवियदि गच्छदि ताईं ताईं सब्भावपज्जयाईं जं। दवियं तं भण्णंतं अणण्णभूतं तु सत्तादो।। ९।। **Hindi:** जो उन उन गुण-पर्यायों को प्राप्त होता है उसे द्रव्य कहते हैं, यह द्रव्य सत्ता से अभिन्न रहता है। सत्ता ही द्रव्य कहलाती है।। ९।। **English:** That which attains various essential modes is termed substance. This substance is ontologically inseparable from existence; indeed, existence itself is called substance.

Verse 10 Prakrit: दव्वं सल्लक्खणियं उप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं। गुणपज्जवासय वा तं भण्णंति सव्वण्हू।। १०।। **Hindi:** जो सत्ता रूप लक्षण से सहित है अथवा उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से युक्त है अथवा गुण और पर्यायों का आश्रय है उसे सर्वज्ञदेव द्रव्य कहते हैं।। १०।। **English:** The Omniscient Lords declare that substance is characterized by existence, associated with origination, destruction, and persistence, and serves as the substratum for attributes and modes.

Verse 11 Prakrit: उप्पत्तीव विणासो दव्वस्स य णत्थि अत्थि सब्भावो। विगमुप्पादधुवत्तं करेंति तस्सेव पज्जाया।। ११।। **Hindi:** द्रव्य का न उत्पाद होता है और न विनाश। वह सदा अस्तित्व रुप रहता है। उसकी पर्याय ही उत्पाद, व्यय तथा धौव्य रुप परिणमन करती है। [द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा द्रव्य अपरिणामी है और पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा परिणामी]।। ११।। **English:** There is neither origination nor destruction of the substance itself; it persists in a state of eternal existence. It is only its modes that undergo the triad of origination, destruction, and persistence.

Verse 12 Prakrit: पज्जयविजुदं दव्वं दव्वविजुत्ता य पज्जया णत्थि। दोण्हं अणण्णभूदं भावं समणा परुविति।। १२।। **Hindi:** न द्रव्य, पर्याय से रहित होता है और न पर्यायें द्रव्य से रहित होतीं हैं। महामुनि दोनों का अभेदस्वरूप वर्णन करते है।। १२।। **English:** Substance cannot exist devoid of modes, nor can modes exist independent of substance. The great ascetics describe the nature of these two as an inseparable unity.

Verse 13 Prakrit: दव्वेण विणा ण गुणा गुणेहिं दव्वं विणा ण संभवदि। अव्वदिरित्तो भावो दव्वगुणाणं हवदि तम्हा।। १३।। **Hindi:** द्रव्य के बिना न गुण ठहर सकते हैं और न गुणों के बिना द्रव्य ही ठहर सकता है अतः द्रव्य

और गुणों के बीच अव्यतिरेकभाव होता है - दोनों अभिन्न रहते हैं।। १३।। **English:** Attributes cannot exist without substance, and substance is not possible without attributes. Therefore, an inseparable relationship (Avyatireka-bhava) exists between substance and its attributes; they remain unified.

Verse 14 Prakrit: सिय अत्थि णत्थि उहयं अव्वत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं। दव्वं खु सत्तभंगं आदेसवसेण संभवदि।। १४।। **Hindi:** निश्चय से द्रव्य, विवक्षा के वश निम्नलिखित सप्तभंग रुप होता है जैसे - १ स्यादस्ति - किसी प्रकार है, २ स्यान्नास्ति - किसी प्रकार नहीं है, ३ स्यादुभयम् - किसी प्रकार अस्तिनास्ति दोनों रुप है, ४ स्यादवक्तव्यम् - किसी प्रकार अवक्तव्य है, ५ स्यादस्ति अवक्तव्यम् - किसी प्रकार अस्तिरुप होकर अवक्तव्य है, ६ स्यान्नास्ति अवक्तव्यम् - किसी प्रकार नास्ति रुप होकर अवक्तव्य है और ७ स्यादस्तिनास्ति अवक्तव्यम् - किसी प्रकार अस्ति-नास्ति दोनों रुप होकर अवक्तव्य है।। १४।। **English:** Indeed, according to the requirements of predication, a substance is described through sevenfold qualifying logic (Saptabhangi): 1. From a certain perspective, it is; 2. From a certain perspective, it is not; 3. From a certain perspective, it is and is not; 4. From a certain perspective, it is indescribable; 5. From a certain perspective, it is and is indescribable; 6. From a certain perspective, it is not and is indescribable; 7. From a certain perspective, it is, is not, and is indescribable.

Verse 15 Prakrit: भावस्स णत्थि णासो णत्थि अभावस्स चेव उप्पादो। गुणपज्जयेसु भावा उप्पादवए पकुव्वंति।। १५।। **Hindi:** सत् पदार्थों का नाश नहीं होता और न असत् का उत्पाद ही। पदार्थ गुण और पर्यायों में ही उत्पाद तथा व्यय करते हैं।। १५।। **English:** There is no destruction of that which is existent, nor is there origination of that which is non-existent. Entities undergo origination and destruction only within the framework of their attributes and modes.

Verse 16 Prakrit: भावा जीवादीया जीवगुणा चेदणा व उबओगो। सुरणरणारयतिरिया जीवस्स य पज्जया बहुगा।। १६।। **Hindi:** जीव आदि छह पदार्थ भाव है, चेतना और उपयोग जीव के गुण है, देव मनुष्य, नारकी और तिर्य्यंच ये जीव की अनेक पर्यायें है।। १६।। **English:** Entities such as the soul are psychic dispositions (Bhavas); sentience and cognitive application are the attributes of the soul. Celestial, human, hellish, and sub-human states are the manifold modes of the soul.

Verse 17 Prakrit: णट्ठों मणुसभावो देहो देवो हवेदि इदरों वा। उभयत्थ जीवभावो ण णस्सदि ण जायदे अण्णो।। १७।। **Hindi:** मनुष्यपर्याय से नष्ट हुआ जीव देव अथवा अन्यपर्याय रुप हो जाता अवश्य है, परन्तु जीवत्वमाव का सद्भाव दोनों ही पर्यायों में रहता है। पूर्व जीव का न तो नाश ही होता है और न अन्य जीव का उत्पाद ही।। १७।। **English:** When the human mode is destroyed, the soul indeed becomes a celestial being or another mode; however, the essential soul-nature persists in both states. There is neither the destruction of the former soul nor the creation of a new one.

Verse 18 Prakrit: सो चेव जादि मरणं जादि ण णट्ठों ण चेव उप्पण्णो। उप्पण्णो व विणट्ठो देवो मणुसोत्ति पज्जाओ।। १८।। **Hindi:** वही जीव उपजता है जो कि मरण को प्राप्त होता है, स्वभाव से जीव न नष्ट होता है और न उपजता ही है। देव उत्पन्न हुआ और मनुष्य नष्ट हुआ, यहा पर्याय ही तो उत्पन्न हुआ और पर्याय ही नष्ट हुआ।। १८।। **English:** The same soul that undergoes death is the one that is born; by nature, the soul is neither destroyed nor created. When it is said a celestial is born and a human has died, it is only the mode that has originated or ceased.

Verse 19 Prakrit: एवं सदो विणासो असदो जीवस्स णत्थि उप्पादो। तावदिओ जीवाणं देवो मणुसोत्ति गदिणामों।। १९।। **Hindi:** इस प्रकार संत रुप जीव का न नाश होता है औन न असनत् रुप जीव का उत्पाद ही। जीवों में जो देव अथवा मनुष्य का व्यवहार होता है वह सब गति नामकर्म के उदय से होने वाला विकार है।। १९।।

English: Thus, there is no destruction of the existent soul, nor is there origination of a non-existent soul. The designations of 'celestial' or 'human' are merely modifications resulting from the fruition of the Gati-Nama karma.

Verse 20 Prakrit: णाणावरणादीया भावा जीवेण सुट्ठु अणुबद्धा। तेसिमभावं किच्चा अभूदपुव्वो हवदि सिद्धो।। २०।। **Hindi:** इस संसारी जीव ने अनादिकाल से ज्ञानावरणादि कर्मपर्यायों का अतिशय बन्ध कर रक्खा है अत उनका अभाव - क्षय करके ही यह जीव अभूतपूर्व सिद्धपर्याय को प्राप्त हो सकता है।। २०।। **English:** This mundane soul has been tightly bound by karma-modes like Knowledge-obscuring karma since beginningless time. Only by achieving their non-existence or destruction can the soul attain the unprecedented mode of the Perfected One (Siddha).

Verse 21 Prakrit: एवं भावमभावं भावाभावं अभावभावं च। गुणपज्जयेहिं सहिदो संसरमाणों कुणदि जीवो।। २१।। **Hindi:** इस प्रकार गुण और पर्यायों के साथ पाँच परावर्तन रुप संसार में भ्रमण करता हुआ यह जीव कभी भाव को करता है - देवादि नवीन पर्याय की धारण करता है, कभी अभाव को करता है - मनुष्यादि पूर्व पर्याय का नाश करता है, कभी भाव का अभाव करता है - वर्तमान देवादि पर्याय का नाश करता है और कभी अभाव का भाव करता है - मनुष्यादि अभावस्वरुप पर्याय का उत्पाद करता है।। २१।। **English:** Thus, wandering through the cycle of transmigration with its attributes and modes, the soul sometimes assumes a state (Bhava), sometimes undergoes cessation (Abhava), sometimes experiences the cessation of a state, and sometimes the manifestation of a non-state.

Verse 22 Prakrit: जीवा पुग्गलकाया आयासं अत्थिकाया सेसा। अमया अत्थित्तमया कारणभूदा हि लोगस्स।। २२।। **Hindi:** जीव, पुदगल धर्म, अधर्म और आकाश ये पाँच द्रव्य अस्ति स्वरूप तथा बहुप्रदेशी होने के कारण अस्तिकाय कहलाते हैं। ये अकृत्रिम है, शाश्वत हैं और लोक के कारणभूत है।। २२।। **English:** Soul, Matter, Space, and the remaining principles (Motion and Rest) are called Multi-spatial Entities (Astikayas) due to their existence and spatial extension. They are uncreated, eternal, and the fundamental causes of the universe.

Verse 23 Prakrit: सब्भावसभावाणं जीवाणं तं च पोग्गलाणं च। परियट्टणसंभूदो कालो णियमेण पण्णत्तो।। २३।। **Hindi:** सत् अर्थात् उत्पाद, व्यय ध्रौव्य रुप स्वभाव से संयुक्त जीव और पुदगलों का जो परिणमन दृष्टिगोचर होता है उससे काल द्रव्य का अस्तित्व सिद्ध हो जाता है।। २३।। **English:** The existence of the substance of Time is necessarily established by the observable transformation of souls and matter, which are characterized by the nature of origination, destruction, and persistence.

Verse 24 Prakrit: बवगदपणवण्णरसो अटठफासो य। अगुरुलहुगो अमुत्तो वट्टणलक्खो य कालोत्ति।। २४।। **Hindi:** काल द्रव्य पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गन्ध, और आठ स्पर्शों से रहित है, षड़गुणी हानिवृद्धि रूप अगुरुलघुगुण से युक्त है, अमूर्तिक है और वर्तनालक्षण से सहित है।। २४।। **English:** The substance of Time is devoid of five colors, five tastes, two smells, and eight touches. It possesses the attribute of being neither heavy nor light (Agurulaghu), is formless, and is characterized by the function of facilitating change (Vartana).

Verse 25 Prakrit: समओ णिमिसो कट्ठा कलाय णाली तदो दिवारत्ती। मासो दु अयण संवच्छरोत्ति कालो परायत्तो।। २५।। **Hindi:** समय निमेष, काष्ठा, कला नाडी, दिनरात, मास, ऋतु, अयन और वर्ष यह सब व्यवहार काल है। चूंकि यह व्यवहार काल सूर्योदय सूर्यास्त आदि पुद्गल द्रव्य के निमित्त से उत्पन्न होता है।। २५।। **English:** Samaya, Nimisha, Kashta, Kala, Nadi, day and night, month, season, half-year, and

year constitute relative time (Vyavahara-kala). This relative time is dependent upon the movement of matter, such as the rising and setting of the sun.

Verse 26 Prakrit: णत्थि चिरं वा खिप्पं मत्तारहिदं तु सा वि खलु मत्ता। पुग्गलदव्वेण विणा तम्हा कालो दु पदुच्चभवो।। २६।। **Hindi:** काल की मात्रा - मर्यादा के बिना विलम्ब और शीघ्रता का व्यवहार नहीं हो सकता अतः उसका वर्णन अवश्य करना चाहिये और चूंकि काल की मात्रा पुद्गल द्रव्य के बिना प्रकट नहीं हो सकती इसलिये उसे पुद्गल द्रव्य के निमित्त से उत्पन्न हुआ माना जाता है।। २६।। **English:** The concepts of 'long duration' or 'quickness' cannot exist without a measure of time; therefore, its description is essential. Since the measure of time cannot manifest without matter, it is considered to arise in dependence upon material substances.

Verse 27 Prakrit: जीवोत्ति हवदि चेदा उवओगविसेसिदो पहू कत्ता। भोत्ता य देहमत्तो ण हि मुत्तो कम्मसंजुत्तो।। २७।। **Hindi:** जो निश्चय नय की अपेक्षा भावप्राणों से और व्यवहार नय की अपेक्षा द्रव्य प्राणों से जीवित रहता है वह जीव कहलाता है। यह जीव निश्चय नय की अपेक्षा चेतनामय है... शरीर के बराबर रहने से स्वदेहमात्र हैं, मूर्ति से रहित है, और कर्मसंयुक्त है। यह संसारी जीव का स्वरुप है।। २७।। **English:** That which lives through psychic pranas from the absolute point of view and through material pranas from the relative point of view is the Soul. It is sentient, characterized by specific cognitive application (Upayoga), is a lord, a doer, an enjoyer, co-extensive with the body, formless, and associated with karma. This is the nature of the mundane soul.

Verse 28 Prakrit: कम्ममलविप्पमुक्को उड्ढं लोगस्स अंतमधिगंता। सो सव्वणाणदरिसी लहदि सुहमणिंदियमणंतं।। २८।। **Hindi:** जब यह जीव कर्ममल से विप्रमुक्त होता है तब सर्वज्ञ और सर्वदर्शी होकर ऊर्ध्वगति स्वभाव के कारण लोक के अन्तिम भाग - सिद्धक्षेत्र में जा पहुँचता है और वहाँ अनन्त अतीन्द्रिय सुख प्राप्त करने लगता है।। २८।। **English:** When this soul is entirely liberated from the impurity of karma, becoming all-knowing and all-seeing, it ascends due to its inherent nature to the summit of the universe—the realm of the Siddhas—and attains infinite, supersensuous bliss.

Verse 29 Prakrit: जादो सयं स चेदा सव्वण्हू सव्वलागदरसी य। पप्पोदि सुहमणंतं अव्वाबाधं सगममुत्तं।। २९।। **Hindi:** जो आत्मा पहले संसार अवस्था में इन्द्रियजनित बाधा सहित पराधीन और मूर्तिक सुख का अनुभव करता था अब वही चिदात्मा मुक्त अवस्था में सर्वज्ञ और सर्वदर्शी होकर अनन्त अव्याबाध स्वाधीन और अमूर्तिक सुख का अनुभव करता है।। २९।। **English:** That very consciousness, which previously in the mundane state experienced dependent, hindered, and material pleasure, now as a liberated soul—omniscient and all-seeing—experiences infinite, unhindered, independent, and formless bliss.

Verse 30 Prakrit: पाणेहिं चदुहिं जीवदि जीवस्सदि जो हु जीविदो पुव्व। सो जीवो पाणा पुण बलमिंदियमाउ उस्सासो।। ३०।। **Hindi:** जो चार प्राणों के द्वारा वर्तमान में जीवित है, आगे जीवित होगा और पहले जीवित था वह जीव है। जीव के चार प्राण है - बल, इन्द्रिय, आयु और उच्छवास।। ३०।। **English:** That which lives currently, will live in the future, and lived in the past by means of the four pranas is the Soul. The pranas are: power (bala), senses (indriya), lifespan (ayu), and respiration (ucchvasa).

Verse 31 Prakrit: अगुरुलहुगा अणंता तेहिं अणंतहिं परिणदा सब्बे। देसेहिं असंखादा सियलोगं सब्वमावण्णा।। ३१।। **Hindi:** अगुरुलघुगुण अनन्त है, समस्त जीव उन अनन्त अगुरुलघुगुणों के कारण परिणमन करते रहते हैं, सभी जीव प्रदेशों की अपेक्षा असंख्यात हैं - असख्यात प्रदेशों के धारक हैं। उनमें से कितने ही जीव लोकपूर्ण समुद्घात के समय सम्पूर्ण लोक में व्याप्त होते हैं।। ३१।। **English:** The qualities of being neither heavy

nor light (Agurulaghu) are infinite; all souls continuously transform because of these infinite qualities. Every soul is characterized by innumerable spatial units (Pradeshas); some, during the process of cosmic expansion (Samudghata), pervade the entire universe.

Verse 32 Prakrit: केचित्तु अणावण्णा मिच्छादंसअणकसायजोगजुदा। विजुदा य तेहिं बहुगा सिद्धा संसारिणो जीवा।। ३२।। **Hindi:** कितने ही अपने शरीर के प्रमाण अवस्थित रहते है, कितने ही मिथ्यादर्शन, कषाय और योगों से युक्त होने के कारण संसारी हैं और कितने ही उनसे रहित होकर सिद्ध हुए है।। ३२।। **English:** Some souls remain restricted to the dimensions of their bodies. Some are mundane (Samsari), being associated with wrong vision, passions, and activities, while many others, having become free from these, are the Perfected Ones (Siddhas).

Verse 33 Prakrit: जह पउमरायरयणं खित्तं खीरे पभासयदि खीरं। तह देही देहत्थो सदेहमत्तं पभासयदि।। ३३।। **Hindi:** जिस प्रकार दूध में पडा हुआ पदमरागमणि समस्त दूध को व्याप्त कर लेता है, उसी प्रकार शरीर में स्थित आत्मा समस्त शरीर को व्याप्त कर लेता है।। ३३।। **English:** Just as the brilliance of a ruby immersed in milk pervades the entire milk, so does the soul, situated within the body, pervade the entire bodily extent.

Verse 34 Prakrit: सव्वत्थ अत्थि जीवो ण व एक्को एक्ककाय एक्कट्ठो। अज्झवसाणविसिट्ठो चिट्ठदि मलिणो रजमलेहिं।। ३४।। **Hindi:** यह जीव त्रिकालवर्ती समस्त पर्यायों में विद्यमान रहता है... यद्यपि यह जीव एक शरीर में क्षीरनीर की तरह परस्पर मिलकर रहता है तथापि उस शरीर से एक रूप नहीं होता - अपना अस्तित्व पृथक रखता है। यह जीव रागादि भावों से युक्त होने के कारण द्रव्यकर्म रुपी मल से मलिन हो जाता है।। ३४।। **English:** The soul exists across all its past, present, and future modes. Though it resides within a body like milk and water intermingled, it does not become identical with the body—it maintains a distinct existence. Associated with passions, it becomes soiled by the impurity of material karma.

Verse 35 Prakrit: जेसिं जीवसहावो णत्थि अभावो य सब्वहा तस्स। ते होंति भिण्णदेहा सिद्धा वचिगोयरमदीदा।। ३५।। **Hindi:** जिनके कर्मजनित द्रव्यप्राण रूप जीव स्वभाव का सद्भाव नहीं है और शुद्ध चैतन्यरुप भाव प्राणों से युक्त होने के कारण सर्वथा उसका अभाव भी नहीं है, जो शरीर से रहित हैं और जिनकी महिमा वचन के अगोचर है वे सिद्ध जीव हैं।। ३५।। **English:** Those in whom the nature of living through karma-generated material pranas no longer exists—yet who, being endowed with pure sentient psychic pranas, are not entirely non-existent—who are devoid of bodies and whose glory is beyond words, are the Siddha souls.

Verse 36 Prakrit: ण कुदोचि वि उप्पण्णो जम्हा कज्जं ण तेण सो सिद्धो। उप्पादेदि ण किंचि वि कारणमवि तेण ण स होदि।। ३६।। **Hindi:** चूंकि सिद्ध जीव किसी बाहय कारण से उत्पन्न नही हुए है, अतः वे कार्य नहीं है और न किसी कार्य को वे उत्पन्न करते हैं अतः कारण भी नहीं हैं।। ३६।। **English:** Since the Siddha soul is not produced by any external cause, it is not an effect (karya); nor does it produce any effect, therefore it is not a cause (karana).

Verse 37 Prakrit: सस्सधमध उच्छेद भव्वमभव्वं च सुण्णमिदरं च। विण्णाणमविण्णाण ण वि जुज्जदि असदि सब्भावे।। ३७।। **Hindi:** यदि मोक्ष में जीव का सद्भाव नही माना जाय तो उसमें निम्नलिखित आठ भाव संभव नहीं हो सकेंगे। १ शाश्वत, २ उच्छेद, ३ भव्य, ४ अभव्य, ५ शून्य, ६ अशून्य, ७ विज्ञान और ८ अविज्ञान।। ३७।। **English:** If the existence of the soul in liberation is not admitted, then eight states—eternal,

perishable, capable, incapable, void, non-void, sentience, and non-sentience—would be impossible.

Verse 38 Prakrit: कम्माणं फलमेक्को एक्को कज्जं तु णाणमध एक्को। चेदयदि जीवरासी चेदगभावेण तिविहेण।। ३८।। **Hindi:** कुछ जीव... केवल कर्मफल का अनुभव करते हैं, कुछ... इष्टानिष्ट विकल्प रुप कर्म का अनुभव करते हैं और कुछ विशुद्ध ज्ञान का ही अनुभव करते हैं।। ३८।। **English:** The multitude of souls experiences reality through a threefold consciousness: some experience only the fruit of karma, some experience the activity of karma, and some experience pure knowledge.

Verse 39 Prakrit: सब्वे खलु कम्मफल थावरकाया तसा हि कज्जजुदं। पाणित्तमदिक्कंता णाणं विदंति ते जीवा।। ३९।। **Hindi:** सब स्थावर जीव कर्मफल का अनुभव करते हैं, त्रसजीव इष्टानिष्ट पदार्थों में आदान-हान रुप कर्म करते हुए कर्म का उपभोग करते हैं और प्राणीपने के व्यवहार से परे रहने वाले अतीन्द्रिय ज्ञानी अरहन्त-सिद्ध ज्ञान मात्र का वेदन करते हैं।। ३९।। **English:** All immobile (sthavara) beings experience the fruits of karma; mobile (trasa) beings experience karmic activity; and the enlightened ones (Arhats and Siddhas), having transcended the mundane state, experience pure knowledge.

Verse 40 Prakrit: उवओगो खलु दुविहो णाणेण य दंसणेण सजुत्तो। जीवस्स सव्वकालं अणण्णमूद वियाणीहि।। ४०।। **Hindi:** ज्ञान और दर्शन से युक्त होने के कारण उपयोग दो प्रकार होता है, यह उपयोग सदा काल जीव से अनन्यभूत अभिन्न रहता है।। ४०।। **English:** Cognitive application (Upayoga) is of two types: Knowledge and Vision. Know that this application is eternally and inseparably unified with the soul.

Verse 41 Prakrit: आभिणिसुदोधिमणकेवलाणि णाणाणि पंचभेयाणि। कुमदिसुदविभंगाणि य तिण्णि वि णाणेहिं संजुत्ते।। ४१।। **Hindi:** मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये पाँच सम्यग्ज्ञान तथा कुमति, कुश्रुत और विभंगावधि ये तीन मिथ्याज्ञान सब मिलाकर ज्ञानोपयोग के आठ भेद है।। ४१।। **English:** Sensory knowledge, scriptural knowledge, clairvoyance, telepathy, and omniscience are the five types of right knowledge; coupled with the three types of wrong knowledge—false sensory, false scriptural, and false clairvoyance—there are eight divisions of knowledge-application.

Verse 42 Prakrit: दंसणमवि चक्खुजुद अचक्खुजुदमवि य ओहिणा सहिय। अणिधणमणंतविसयं केवलियं चावि पण्णत्तं।। ४२।। **Hindi:** चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन और अन्तररहित तथा अनन्त पदार्थों को विषय करने वाला केवलदर्शन ये चार दर्शनोपयोग के भेद है।। ४२।। **English:** Vision-application is declared to be fourfold: visual vision, non-visual vision, clairvoyant vision, and omniscience, which is eternal and encompasses infinite objects.

Verse 43 Prakrit: ण वियप्पदि णाणादों णाणी णाणाणि होंति णेगाणि। तम्हा हु विस्सरूवं भणियं दवियत्ति णाणीहि।। ४३।। **Hindi:** चूंकि ज्ञानी ज्ञानगुणा से पृथक् नही है आर ज्ञान मति आदि के भेद से अनेक रूप है। इसलिये ज्ञानी महर्षियों ने जीवद्रव्य को अनेक रूप कहा है।। ४३।। **English:** Since the knower is not distinct from knowledge, and knowledge is manifold through its divisions like sensory knowledge, enlightened sages have described the soul-substance as multiform.

Verse 44 Prakrit: जदि हवदि दव्वमण्णं गुणदो य गुणा य दव्वदों अण्णे। दव्वाणंतियमधवा दव्वाभावं पकुव्वंति।। ४४।। **Hindi:** यदि द्रव्य, गुण से पृथक हो और गुण भी द्रव्य से पृथक हो तो या तो द्रव्य में अनन्तता आ जावेगी या द्रव्य से पृथक रहने वाले गुण द्रव्य का अभाव ही कर देंगे।। ४४।। **English:** If substance were

distinct from quality, and quality distinct from substance, it would lead to an infinite number of substances or the qualities would negate the existence of the substance itself.

Verse 45 Prakrit: अविभत्तमणण्णत्तं दव्वगुणाण विभत्तमण्णत्तं। णिच्छंति णिच्चयण्हू तब्बिवरीदं हि वा तेसिं।। ४५।। **Hindi:** द्रव्य और गुणों में जो अनन्यत्व - एकरूपता है वह प्रदेश भेद से रहित है। निश्चय के जानने वाले महर्षि द्रव्य और गुणों के बीच प्रदेश भेदरुप अन्यत्व को नही मानते हैं।। ४५।। **English:** The unity between substance and quality is devoid of spatial distinction. Sages who understand the absolute reality do not admit any spatial difference between substance and its attributes.

Verse 46 Prakrit: ववदेसा संठाणा संखा दिसया य होंति ते बहुगा। ते तेसिमणण्णत्ते अण्णत्ते चावि विज्जंते।। ४६।। **Hindi:** उन द्रव्य और गुणों के व्यपदेश - कथन के भेद, आकार, संख्या एवं विषय बहुत प्रकार के होते हैं और वे द्रव्य तथा गुणों की अभेद और भेद दोनों प्रकार की दशाओं में विद्यमान रहते हैं।। ४६।। **English:** Designations, shapes, numbers, and objects of substance and quality are manifold; they persist whether we consider the substance and qualities as identical or distinct.

Verse 47 Prakrit: णाणं धणं च कुव्वदि धणिणं जइ णाणिणं च दुविधेहिं। भण्णंति तह पुधत्तं एयत्तं चावि तच्चण्हू।। ४७।। **Hindi:** जैसे धन पुरुष को धनवान् करता है और ज्ञान शानी। यहां धन जुदा है और पुरुष जुदा है... वैसे ही इन दो प्रकार के मेदामेद कथन के द्वारा वस्तु स्वरूप को जानने वाले पुरुष पृथकत्व और एकत्व का निरुपण करते है।। ४७।। **English:** Just as wealth makes a man wealthy and knowledge makes a man a knower, those who know the truth describe distinction and unity. Distinction is predicated where there is a spatial difference, and unity where it is absent.

Verse 48 Prakrit: णाणी णाणं च सदा अत्थंतरिदो दु अण्णमण्णस्स। दोण्हं अवेदणत्तं पसजदि सम्मं जिणावमदं।। ४८।। **Hindi:** ज्ञान और ज्ञानी दोनों को सदा अर्थान्तर - सर्वथा विभिन्न मानने पर दोनों में जडता का प्रसंग आता है और वह जडता यथार्थ में श्री जिनेन्द्र देव को अभिमत नहीं है।। ४८।। **English:** If the knower and knowledge were regarded as entirely separate entities, both would be rendered insentient—a conclusion that is not acceptable to the Jinas.

Verse 49 Prakrit: ण हि सो समवायादो अत्थंतरिदो दु णाणदो णाणी। अण्णाणीति य वयणं एगत्तप्पसाधगं होदि।। ४९।। **Hindi:** जब कि ज्ञानी - आत्मा ज्ञान से सर्वथा विभिन्न है तब वह उसके समवाय से भी ज्ञानी नही हो सकता... आत्मा अज्ञानी है ऐसा कथन अज्ञान के साथ उसका एकत्व सिद्ध कर देता है।। ४९।। **English:** The knower cannot become a knower through mere inherence (Samavaya) if it were entirely separate from knowledge. To call a soul 'ignorant' proves its identity with ignorance, which further necessitates its identity with knowledge when enlightened.

Verse 50 Prakrit: समवत्ती समवाओ अपुधब्भूदो य अजुदसिद्धो य। तम्हा दव्वणगुणाणं अजुदासिद्धिति णिदिदट्ठा।। ५०।। **Hindi:** गुण और गुणी के बीच अनादिकाल से जो समवर्तित्व - तादात्म्य सम्बन्ध पाया जाता है वही जैनमत में समवाय कहलाता है।। ५०।। **English:** The eternal co-existence and identity between quality and substance is termed Samavaya in the Jain doctrine. Therefore, substance and qualities are declared to be in an inseparable relationship (Ayuta-siddhi).

Verse 51-52 Prakrit: वण्णरसगंधफासा परमाणुपरुविदा विसेसा हि। दव्वादों य अणण्णा अण्णत्तपगासगा होंति।। दंसणणाणाणि तहा जीवणिबद्धाणि णण्णभूदाणि। ववदेसदो पुधत्तं कुव्वंति हि णो सभावादो।। ५१-५२।। **Hindi:** जिस प्रकार परमाणु में कहे गये वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श... निश्चय की अपेक्षा प्रदेश भेद न होने से एक हैं और व्यवहार की अपेक्षा... पृथक् हैं उसी प्रकार जीव के साथ... ज्ञान और दर्शन अभिन्न और भिन्न दोनों रुप हैं।।

५१-५२।। **English:** Just as color, taste, smell, and touch are identical with the atom from the absolute point of view and distinct from the relative point of view, so Knowledge and Vision—unified with the soul—are identical in space yet distinct in designation.

Verse 53 Prakrit: जीवा अणाइणिधणा संता णंता य जीवभावादो। सब्भावदो अणंतो पंचग्गगुणप्पधाणा य।। ५३।। **Hindi:** जीव, सहज चैतन्य लक्षण पारिणामिक भाव की अपेक्षा अनादिनिधन है। औदयिक क्षायोपशमिक और औपशमिक भाव की अपेक्षा सादि सान्त है।। ५३।। **English:** By its inherent sentient nature, the soul is without beginning or end. However, with respect to its states of fruition, suppression, or partial destruction-suppression of karma, it is with beginning and end.

